आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 13.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

.......................

प्रदेश की सात सीटों पर विधानसभा उप चुनाव के तहत मतदान शांतिपूर्वक जारी है। मतदान के प्रति लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। सभी सातों निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह 11 बजे तक लगभग 25 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा 28 दशमलव 97 फीसदी वोटिंग अलवर के रामगढ विधानसभा क्षेत्र में हुई। हमारे अलवर संवाददाता ने बताया कि वोट डालने के बाद लोग खुशी जाहिर करते हुए सैल्फी भी ले रहे है। वहीं निर्वाचन विभाग की ओर से सुगम और सुचारू मतदान के लिए कई तरह के इंतजाम किये गये हैं।

.......................

रामगढ़, खींवसर, चौरासी, सलूम्बर, झुंझुनूं देवली–उनियारा और दौसा सीट के लिये हो रहे उपचुनाव में लोग उत्साह के साथ मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभा रहे है। सलूम्बर में जयसमंद झील के टापुओं पर बसे मतदाता नांव में बैठकर गामडी पोलिंग बूथ पहुंचे। पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं का उत्साह भी देखते ही बन रहा है। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए स्वयं सेवको की व्यवस्था की गई है। सुबह जल्दी मतदान केन्द्रों पर पहुंचने वाले वोटर्स को प्रमाण पत्र देकर भी सम्मानित किया गया। शाम 6 बजे तक पोलिंग बूथ परिसर में आने वाले सभी मतदाता वोट डाल सकेंगे। वोटो की गिनती 23 नवम्बर को होगी। उपचुनाव में भाजपा–कांग्रेस के अलावा आरएलपी और बीएपी के बड़े नेताओं की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। सात विधानसभा सीटों के लिये 69 उम्मीदवार चुनावी रण में है। इनमें 59 पुरूष और 10 महिला प्रत्याशी है।

.......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के दरभंगा से वीडियो कॉन्फ्रेंन्सिंग के माध्यम से देशभर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 18 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्रों का उद्घाटन किया। इसमें प्रदेश के तीन स्टेशन शामिल है। जयपुर के दुर्गापुरा और फालना तथा बाडमेर को भी जन औषधि केन्द्रों की सौगात मिली है। इनसे रेलवे स्टेशनों पर सस्ती दवाईयां मिलेंगी और जेनेरिक दवाईयों के बारे में जागरूकता बढेगी।

.......................

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक निर्णय में कहा है कि कार्यपालिका, व्यक्तियों की संपत्तियों को ध्वस्त करके उनके अपराध का निर्धारण करने में न्यायपालिका के रूप में काम नहीं कर सकती है। आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ "बुलडोजर कार्रवाई" को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर एक महत्वपूर्ण फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि उचित प्राधिकार के बिना किसी भी संपत्ति को ध्वस्त करना मनमाना समझा जाएगा। शीर्ष न्यायालय ने लोकतांत्रिक शासन की नींव के रूप में कानून की पालना पर जोर दिया। निर्णय में कहा गया है कि किसी आरोपी के अपराध को परिकल्पित नहीं किया जा सकता है और मनमाने ढंग से विध्वंस, शक्तियों के विभाजन के सिद्धांत का उल्लंघन है।

.......................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड का कल पुष्कर आने का कार्यक्रम है। श्री धनखड पुष्कर में राष्ट्रीय जाट अधिवेशन को संबोधित करेंगे। वहीं पुष्कर में चल रहा धार्मिक मेला परवान पर है। पंच तीर्थ स्नान के लिए बडी संख्या में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। मेले में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हो रही है। इसके अलावा देशी विदेशी सैलानियों के बीच कई तरह की रोचक प्रतियोगिताएं हो रही है।

.......................

राज्य में बीते 24 घंटों में तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं हुआ है। सबसे अधिक तापमान 35 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस बाडमेर में दर्ज हुआ। वहीं न्यूनतम 11 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस तापमान सिरोही में रिकॉर्ड किया गया। बीकानेर संभाग में कुछ स्थानों पर कोहरे का प्रभाव रहा।

.......................